हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 22 जनवरी 2026
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री


14 साजा, बेमेतरा व नवागढ़ में राजनीतिक दलों के ...


13 दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिवारों को 1 करोड़ ...

**खबर संक्षेप**

### वीबी जी राम जी ग्रामीण सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहलः राजेन्द्र शर्मा

**बेमेतरा।** पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा बेमेतरा एवं रायपुर शहर जिला भाजपा प्रभारी राजेन्द्र शर्मा ने ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित विकसित भारत—रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण भारत के लिए एक ऐतिहासिक, दूरदर्शी और युगांतकारी पहल है। यह मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, आजीविका, कौशल विकास और स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि इस मिशन का उद्देश्य केवल अस्थायी रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि आधुनिक तकनीक, नवाचार और स्थानीय जरूरतों के अनुरूप योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। वीबी जी राम जी-के तहत अधिक कार्यदिवस, बेहतर मजदूरी, कौशल आधारित रोजगार तथा जल संरक्षण, ग्रामीण सड़क, सिंचाई, गोदाम और पंचायत स्तर के आधारभूत ढांचे जैसी स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण किया जाएगा। राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि इस मिशन की सबसे बड़ी विशेषता इसका प्रौद्योगिकी-संचालित स्वरूप है। डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए जॉब कार्ड, कार्य आवंटन, भुगतान और निगरानी की प्रक्रिया पारदर्शी होगी, जिससे भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगेगा और लाभ सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुंचेगा। उन्होंने कांग्रेस के विरोध को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि यह योजना रोजगार गारंटी को समाप्त करने के लिए नहीं, बल्कि पूर्व योजनाओं में रही कमियों को दूर कर काम की गुणवत्ता और प्रभाव बढ़ाने के लिए लाई जा रही है।

### फौजी सूर्या सिंह चौहान की रिहाई पर कार्यकर्ताओं में उत्साह

**बेमेतरा।** दो वर्षों से चले आ रहे एक प्रकरण में पुलिस प्रशासन द्वारा जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के शहर अध्यक्ष फौजी सुर्या सिंह चौहान को फरारी के आरोपी के रूप में गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया था। अब उनकी रिहाई 22 जनवरी को होने जा रही है। इसको लेकर जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के सेनानियों में भारी उत्साह का माहौल है। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के जिला अध्यक्ष नीलेश साहू के अनुसार, फौजी सुर्या सिंह चौहान की रिहाई के अवसर पर आज 22 जनवरी को बेमेतरा जिले में एक वृहद रिहाई रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं सेनानी शामिल होंगे। आयोजन को लेकर संगठन स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं सेनानियों ने कहा कि फौजी सुर्या सिंह चौहान ने सदैव जनहित और छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान की लड़ाई लड़ी है। उन्होंने कहा, "हम अपराध करके नहीं, बल्कि जनसेवा और अधिकारों की शेष पेज 13 पर

धान खरीदी पर संकट: 1 लाख 66 हजार 858 पंजीकृत किसानों में,1 लाख 29 हजार 169 किसानों से हो चुकी खरीदी

# 7 दिन शेष, 33 हजार किसान अब भी इंतजार में, लिमिट बनी सबसे बड़ी बाधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- 12 लाख 66 हजार क्विंटल धान का 31 जनवरी तक कट चुका टोकन ,खरीदी की चल रही है प्रक्रिया

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य अब गंभीर संकट के दौर में पहुंच गया है। खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी नजदीक होने के बावजूद अभी भी 33 हजार से अधिक किसान ऐसे हैं, जिनका धान खरीदा जाना शेष है। मौजूदा स्थिति में धान खरीदी केंद्रों पर निर्धारित लिमिट के कारण समय-सीमा के भीतर खरीदी पूरी होने की संभावना बेहद कम नजर आ रही है। अब जबकि मात्र 7 दिन शेष बचे हैं, जिले में करीब 30 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी बाकी है, जिससे हजारों किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है।

धान खरीदी केंद्रों में लिमिट के आधार पर टोकन पहले ही 31 जनवरी तक कट चुके हैं। ऐसे में शेष बचे किसानों को टोकन नहीं मिल पा रहा है। किसानों को बताया जा रहा है कि जब तक शासन-प्रशासन द्वारा खरीदी की लिमिट नहीं बढ़ाई जाती, तब तक नए टोकन जारी नहीं हो सकते। इससे हजारों किसानों के सामने अपना धान बेचने से वंचित रह जाने का खतरा मंडरा रहा है। स्थिति को और जटिल बनाने वाला एक कारण पहले सर्वर डाउन की समस्या रही, जिसके चलते कई किसानों के टोकन समय पर नहीं कट सके। अब प्रशासन द्वारा धान खरीदी से पूर्व घर-घर जाकर निरीक्षण और सत्यापन की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इस प्रक्रिया में अब तक 20 से 21 हजार किसानों के घरों में रखे धान का नोडल अधिकारियों द्वारा सत्यापन किया जा चुका है, जबकि करीब 12 हजार किसानों का सत्यापन अभी बाकी है। सत्यापन पूरा होने के बाद किसान टोकन मिलने की प्रतीक्षा में हैं, लेकिन लिमिट समाप्त होने के कारण उन्हें अभी तक खरीदी का अवसर नहीं मिल पा रहा है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 1 लाख 64 हजार 858 किसानों का पंजीयन हुआ है। इनमें से अब तक 1 लाख 29 हजार 169 किसानों का धान खरीदा जा चुका है। इसके अलावा 12 लाख 66 हजार क्विंटल धान के लिए टोकन कट चुके हैं, जबकि करीब 9 लाख क्विंटल धान का सत्यापन किसानों के घर जाकर किया जा चुका है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में किसान अभी भी खरीदी प्रक्रिया से बाहर हैं। किसानों का कहना है कि यदि शीघ्र ही खरीदी की लिमिट नहीं बढ़ाई गई और टोकन जारी नहीं हुए, तो बेमेतरा जिले के हजारों किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित रह जाएंगे। इससे न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति पर असर पड़ेगा, बल्कि शासन की धान खरीदी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े होंगे। अब सभी की निगाहें शासन-प्रशासन के फैसले पर टिकी हैं कि वह समय रहते लिमिट बढ़ाकर किसानों को राहत देता है या नहीं।



### सब कर लिया, फिर भी धान नहीं बिका'-प्रशासनिक उलझन में पिसता किसान

"धान बोया, काटा, सुखाया शासन के नियमों के मुताबिक सत्यापन भी कराया, लेकिन अब कहा जा रहा है कि लिमिट नहीं है, इसलिए खरीदी नहीं होगी। यह पीड़ा जिले के उन हजारों किसानों की है, जो पूरी प्रक्रिया पूरी करने के बाद भी समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित होने की कगार पर हैं। घर-घर जाकर नोडल अधिकारियों ने जिन किसानों के धान का सत्यापन किया, उन्हें उम्मीद थी कि जल्द टोकन मिलेगा और खरीदी होगी। लेकिन अब वही किसान खरीदी केंद्रों, सहकारी समितियों और सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। केंद्रों पर कहा जा रहा है कि लिमिट खत्म हो चुकी है, जबकि अधिकारी यह जवाब दे रहे हैं कि शासन से आदेश आने पर ही कुछ कहा जा सकता है । इस पूरी प्रक्रिया में सबसे बड़ा सवाल यह है कि गलती किसान की नहीं, फिर सजा उसे क्यों? धान खुले में रखा है, मौसम का खतरा अलग है और आर्थिक जरूरतें सिर पर हैं। यदि जल्द समाधान नहीं निकला, तो यह संकट केवल खरीदी का नहीं, बल्कि किसानों के भरोसे का भी बन जाएगा।

### सत्यापन के बाद भी टोकन नहीं, खरीदी केंद्रों से लौटाए जा रहे किसान

धान खरीदी की मौजूदा व्यवस्था ने उन किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं, जिन्होंने शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार अपने घरों में रखे धान का सत्यापन पहले ही करा लिया है। सत्यापन के बावजूद जब किसान खरीदी केंद्रों में पहुंच रहे हैं, तो उन्हें टोकन न होने का हवाला देकर वापस लौटा दिया जा रहा है। किसानों को खरीदी केंद्रों से सिर्फ एक ही जवाब मिल रहा है कि "जब तक लिमिट नहीं बढ़ेगी, तब तक खरीदी संभव नहीं है।" इससे नाराज किसान जब कलेक्टर कार्यालय या अन्य उच्च अधिकारियों के पास पहुंच रहे हैं, तो वहां से भी स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं मिल पा रहे हैं। अधिकारी शासन स्तर से लिमिट तय होने की बात कहकर निर्णय टाल रहे हैं। इस असमंजस की स्थिति में सत्यापन करा चुके किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

# 365 रोगी हुए लाभान्वित, 175 की ब्लड प्रेशर व मधुमेह की हुई जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/बेरला

- विकासखंड स्तरीय नि:शुल्क आयुष चिकित्सा शिविर देवरी में सम्पन्न

आयुष विभाग द्वारा जिला आयुष अधिकारी डॉ. वीणा मिश्रा के मार्गदर्शक में बेरला विकासखंड के ग्राम देवरी में बुधवार को विकासखंड स्तरीय निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुर्वेद, होम्योपैथी तथा राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत संचालित योजना अंतर्गत ग्रामीणों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में कुल 365 रोगियों ने उपचार का लाभ लिया। जिनमें से 175 रोगियों की ब्लड प्रेशर एवं मधुमेह की जांच कर आहार-विहार संबंधी आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया। साथ ही गैर-संक्रामक रोगों के कारण, लक्षण एवं बचाव, योग, प्राणायाम, दिनचर्या, ऋतुचर्या तथा स्वर्णप्राशन के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में रोगियों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर 65 बच्चों का स्वर्णप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया।

### स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश देती है आयुर्वेद

आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. रुपेश चंद्र साहू ने शिविर में आयुर्वेद और होम्योपैथी चिकित्सा पद्धतियों के महत्व को बताते हुए कहा गया कि यह उपचार पद्धति बिना दुष्प्रभाव के न केवल रोग को जड़ से खत्म करती है बल्कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का भी संदेश देती है।

### स्वर्णप्राशन संस्कार शिविर में 65 बच्चों को पिलाई दवा

शिविर में निशुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में 16 वर्ष तक के 65 बच्चों को स्वर्ण प्राशन संस्कार की दवाई पिलाई गई। स्वर्ण प्राशन से बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। शारीरिक व बौद्धिक विकास भी होता है। शिविर में सरपंच सीमा-नीलकंठ सियारे विशेष रूप से उपस्थित थी। शिविर में आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. रुपेश चंद्र साहू, डॉ. लतिका रानी देवांगन, डॉ. हिमानी वर्मा, डॉ. मृणाली गोलछा, फार्मासिस्ट विनोद कुमार बाम्बेश्वर, तीरथ राम साहू, तोरण लाल साहू, पारसमणी ठाकुर, औषधालय सेवक होरीलाल यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# शालाओं में गुणवत्ता सुधार के प्रयासों का कोर ग्रुप ने किया मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/बेरला

- मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत स्कूलों का सतत निरीक्षण

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2025–26 में संचालित मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत जिला बेमेतरा की शालाओं में शिक्षा की गुणवत्ता एवं परीक्षा परिणामों में सुधार हेतु सतत निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में कोर ग्रुप समिति के सदस्य एस.एस. ठाकुर, प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमी द्वारा शासकीय हाई स्कूल भरदा संकुल अंतर्गत समस्त शालाओं का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान संकुल केंद्र शाला हाई स्कूल भरदा का भ्रमण कर विद्यालय में संचालित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों एवं नवाचारों की विस्तृत जानकारी ली गई। कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों में वृद्धि हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई। इसमें कमजोर विद्यार्थियों का चिन्हांकन, विद्यार्थियों की उपस्थिति, नवीन ब्लूप्रिंट के अनुसार अध्यापन, विगत पाँच वर्षों के प्रश्नपत्रों का अभ्यास, उत्तर लेखन अभ्यास, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए विशेष योजना, पुस्तकालय एवं आईसीटी लैब का उपयोग तथा विषयवार मेंटर नियुक्ति जैसे महत्वपूर्ण बिंदु शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष दाऊ पन्नालाल परगनिहा के सहयोग से बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 1000/- की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। विद्यालय में नवाचार के तहत इस वर्ष व्याख्याता विकेश कुमार यादव के मार्गदर्शन में होम बेस्ड सेल्फ स्टडी ग्रुप की शुरुआत की गई है। इसके अंतर्गत उच्च कक्षा के विद्यार्थी निचली कक्षा के विद्यार्थियों के लिए मेंटर के रूप में कार्य कर रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, आपसी सहयोग एवं टीम भावना का विकास हो रहा है। वर्तमान में ग्राम भरदा एवं लावतरा में कुल 11 समूह सक्रिय हैं।



नवाचार से दिया जा रहा कमजोर विद्यार्थियों को संबल

कमजोर विद्यार्थियों को अतिरिक्त सहयोग प्रदान करने हेतु नव नियुक्त प्राचार्य श्री विष्णु प्रसाद साहू द्वारा विज्ञान विषय की विशेष कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। वहीं शिक्षक कमी को देखते हुए एसएमडीसी शेष पेज 13 पर

# नांदघाट में धान कटाई विवाद ने लिया हिंसक रूप

- घर में मारपीट और काउंटर एफआईआर के साथ पुलिस विवेचना में मामला

**नांदघाट।** समीपस्थ ग्राम मगरघटा में हार्वेस्टर से धान कटाई का तीन साल रुका पैसा मांगने पर कर्जदार द्वारा घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। प्रार्थी घनाराम साहू के द्वारा दिलहरण साहु का खेत कटाई का पैसा दो तीन साल से रुका था और दिलहरण साहु द्वारा इनके बाड़ी में ट्रैक्टर से मिट्टी पटिंग किया गया था। लेकिन दिलहरण तय रेट से ज्यादा मांग रहा था और घनाराम का भी दिलहरण के उपर रकम बाकी था।

इसी बीच कल घनाराम द्वारा पैसे के तकादे पर दिलहरण जो कि घनाराम के भाइयों से रंजिश रखता था चिढ़ गया और दोनों में तू तू मैं मैं हुई घनाराम घर आ गया । पीछे से दिलहरण अपने दोनो बेटों वीरेंद्र और सुनिल के साथ घना के घर के सामने खूब गाली गलौच करने लगा घना ने दरवाजा खोल कर आपत्ती की तो उसी के घर के अंदर उसे घसीटते हुए मारपीट करने लगे । शोरगुल सुनकर घना की पत्नी बच्चे आए छुड़ाने तो उनके साथ भी धक्का मुक्की की गई। इस बीच घनाराम के पिता और कुछ पड़ोस के लोगों बीच बचाव कर झगड़ा छुड़ाया। घटना के समय घनाराम का बड़ा भाई रायपुर और पप्पू गांव में ही दूसरी जगह था। घनाराम अपने पिता भाई पप्पू के साथ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने आया। इसकी भनक लगते ही आरोपी पक्ष ने भी पीड़ित पक्ष पर भी रिपोर्ट लिखाया है। गौर करने वाली बात यह भी है। कि दिलहरण साहु की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा रायपुर गए प्रभुराम जो घटना के बाद लौटे, घर से बाहर रहे शेष पेज 13 पर

# राज्यपाल गोद ग्राम पंचायत टेमरी में स्वास्थ्य शिविर आयोजित, 155 ग्रामीणों ने लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



- टीबी, मलेरिया और अन्य रोगों से बचाव के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया

राज्यपाल गोद ग्राम पंचायत टेमरी विकासखंड नवागढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बुधवार को एक वृहद विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्वास्थ्य विभाग नवागढ़, जिला बेमेतरा द्वारा माननीय राज्यपाल महोदय के निर्देश तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. अमृत लाल रोहलेडर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत भवन परिसर में किया गया, जिसमें नवागढ़ बीएमओ डॉ. विकास पांडेय एवं बीपीएम सी.के. देवांगन के नेतृत्व में स्वास्थ्य अमले द्वारा व्यापक स्तर पर सेवाएं प्रदान की गईं।

शिविर में कुल 155 हितग्राहियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लाभ प्राप्त किया। स्वास्थ्य शिविर के दौरान सामान्य ओपीडी सेवाओं के साथ-साथ नेत्र जांच, रक्तचाप (बीपी), शुगर, मलेरिया, हीमोग्लोबिन, सिकल सेल जांच सहित विभिन्न आवश्यक जांचें की गईं। जांच उपरांत मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इसके साथ ही टीबी रोग के फैलने के कारण, लक्षण एवं बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। शिविर की विशेषता यह रही कि जिला अस्पताल बेमेतरा से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान की गईं। इनमें शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतेश चौबे, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. अलका साहू, एमडी मेडिसिन डॉ. अस्मिता श्रीवास्तव, तथा ऑडियोलॉजिस्ट असिस्टेंट गौरव शामिल रहे। विशेषज्ञों द्वारा ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उचित परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया। ग्रामीणों ने शिविर की शेष पेज 13 पर

### ये रहे उपस्थित

शिविर में सीएमएचओ डॉ. अमृत रोहलेडर, नोडल अधिकारी डॉ. बी.एल. राज, बीएमओ नवागढ़ डॉ. विकास पांडेय, डॉ. लीलाधर ठाकुर, डॉ. राहुल राज, डॉ. प्रकाश रातडे, बीपीएम सी.के. देवांगन, यू.आर. ध्रुव, एसटीएस प्रमोद साहू, नेत्र सहायक अधिकारी सोहित साहू, आशा कार्यकर्ता बरवा, असहेंद्र पांडेय, सत्या, फार्मासिस्ट रूपेश, जोशी, गिरधारी, पर्यवेक्षक अनीता पांडेय सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

शंकराचार्य का अपमान सनातन धर्म का अपमान, परंपराओं पर हमला अस्वीकार्य : छाबड़ा

# जगदगुरू शंकराचार्य को शाही स्नान से रोकना भाजपा का हिन्दू विरोधी चरित्र : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

कांग्रेस ने प्रयागराज माघ मेले में जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को शाही स्नान से रोके जाने की घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि खुद को हिंदुओं का सबसे बड़ा हितैषी बताने वाली भाजपा सरकार आज हिंदू धर्म के सर्वोच्च पीठाधीश्वर का अपमान कर रही है।



जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने जारी बयान में स्पष्ट शब्दों में कहा कि शंकराचार्य का अपमान केवल एक संत का अपमान नहीं, बल्कि सनातन धर्म और उसकी अखंड परंपराओं का अपमान है उन्होंने कहा कि हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को अपनी सुरक्षा को लेकर आशंका व्यक्त करनी पड़ी है और वे पिछले 36 घंटों से अनशन पर बैठने को मजबूर हैं, लेकिन इसके बावजूद सरकार की ओर से अब तक उनसे संवाद या समाधान का कोई प्रयास नहीं किया गया है। श्री छाबड़ा ने बताया कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पिछले चार दशकों से निरंतर शाही स्नान करते आ रहे हैं। यह पहली बार है जब किसी सरकार ने इस अखंड धार्मिक परंपरा को बाधित किया है। मौनी अमावस्या का शाही स्नान सदियों पुरानी परंपरा है, जिसे न मुगल काल में रोका गया और न ही अंग्रेजी शासन में, लेकिन भाजपा सरकार ने इस परंपरा को तोड़ने का दुस्साहस किया है।

### हिंदुओं के नाम पर राजनीति, संतों के साथ दुर्व्यवहार

जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने अपने बयान में भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि केंद्र में पिछले 12 वर्षों से सत्ता में रहने वाली भाजपा हिंदुओं के नाम पर राजनीति करती रही है, लेकिन आज वही सरकार हिंदू संतों और उनके अनुयायियों के साथ दुर्व्यवहार कर रही है। आरोप लगाया गया कि शंकराचार्य के शिष्यों को बाल पकड़कर घसीटा गया, उनके साथ मारपीट की गई और शंकराचार्य को उनकी पालकी में बैठकर आगे बढ़ने तक की अनुमति नहीं दी गई।

### सरकार तत्काल शंकराचार्य से करे संवादः छाबड़ा

श्री छाबड़ा ने कहा उन्होंने अयोध्या में अधूरे राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा पर आपत्ति व महाकुंभ की अव्यवस्थाओं को संवेदनशील मुद्दों को उठाया था। इसी कारण भाजपा सरकार उनसे नाराज है और उन्हें अपमानित करने पर तुली हुई है। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि सनातन धर्म की परंपराओं पर किसी भी तरह का हमला स्वीकार नहीं किया जाएगा। पार्टी ने मांग की कि सरकार तत्काल शंकराचार्य से संवाद करे, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करे और शाही स्नान जैसी धार्मिक परंपराओं का सम्मान करे। कांग्रेस ने कहा कि अगर सरकार ने संतों और धर्माचार्यों के सम्मान की रक्षा नहीं की, तो देश भर में इसका विरोध और तेज किया जाएगा।

# रोशनी व प्रियंका ने राष्ट्रीय शालेय गतका स्पर्धा में जीता रजत पदक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत गतका खेल का आयोजन 17 से 20 जनवरी तक राजधानी रायपुर में किया गया। प्रतियोगिता में देशभर की 15 टीमों के 230 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें अंडर-17 वर्ग के 114 बालक एवं 116 बालिका खिलाड़ी शामिल थे। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेमेतरा जिले की दो प्रतिभावान छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया। ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बेमेतरा की रोशनी यदु ने सिंगल सोटी टीम इवेंट में तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा की प्रियंका ने फर्री सोटी टीम इवेंट में रजत पदक हासिल किया।खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर बेमेतरा आगमन के दौरान परशुराम चौक में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बेमेतरा गतका संघ के अध्यक्ष जगजीत सिंह, सचिव एवं मुख्य कोच अजय वर्मा, कोषाध्यक्ष कमल साहू, व्यायाम शिक्षक मृत्युंजय शर्मा सहित संघ के पदाधिकारी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। बेमेतरा गतका संघ के सचिव एवं मुख्य कोच अजय वर्मा ने बताया कि यह सफलता खिलाड़ियों की निरंतर मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि जिले के अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

## खबर संक्षेप

### विभिन्न तिथियों में पशु वध एवं मांस बिक्री निषिद्ध

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी गोपाल वर्मा ने कबीरधाम जिले में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस, 30 जनवरी गांधी निर्वाण दिवस, 15 फरवरी, महाशिवरात्री पर्व, 20 मार्च चैतीचांद, 26 मार्च रामनवमी, 31 मार्च महावीर जयंती, 14 अप्रैल डॉ. अंबेडकर जयंती और 01 मई को बुद्ध जयंती के अवसर पर पशुवध गृह एवं मांस बिक्री केन्द्रों को बंद रखने आदेशित किया है। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय निकाय विभाग मंत्रालय रायपुर के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस, गांधी निर्वाण दिवस, महाशिवरात्री पर्व, चैतीचांद, रामनवमी, महावीर जयंती, डॉ. अंबेडकर जयंती और बुद्ध जयंती के अवसर पर पशुवध गृह एवं मांस बिक्री केन्द्रों को बंद रखने आदेश जारी किया है।

### एसआईआर को लेकर बैठक आयोजित

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया एवं 72-कवर्धा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान केन्द्रों में नियुक्त बीएलओ एवं अभिहित अधिकारियों द्वारा प्राप्त की जा रही दावा-आपत्तियों की जानकारी दी गई। साथ ही प्राप्त दावा-आपत्तियों की साप्ताहिक स्थिति से राजनीतिक दलों के सदस्यों को अवगत कराया गया। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत नो मैपिंग, तार्किक विसंगतियां तथा श्रेणी ए एवं बी के मतदाताओं से संबंधित जानकारी साझा की गई। बैठक में राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) से अनुरोध किया गया कि वे मतदान केन्द्र स्तर पर नियुक्त बीएलओ एवं अभिहित अधिकारियों द्वारा प्राप्त दावा-आपत्तियों का अवलोकन करें। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि बीएलए द्वारा कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत की जानी है, तो वे नियमानुसार संबंधित बीएलओ अथवा अभिहित अधिकारी के समक्ष जमा कर सकते हैं। इस अवसर पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रारूप 9, 10, 11क एवं 11ख की प्रतियां भी उपलब्ध कराई गईं।

# जगद्गुरू शंकराचार्य का अपमान सनातन परंपरा पर गहरा प्रहार: नवीन जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने प्रयागराज माघ मेले में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को शाही स्नान से रोके जाने और उनके साथ किए गए दुर्व्यवहार की कड़े शब्दों में कांग्रेस पार्टी निंदा करती है और इसे सनातन धर्म और सदियों पुरानी परंपरा पर सीधा हमला बताया है। श्री जायसवाल ने कहा कि खुद को हिंदुओं का मसीहा बताने वाली भाजपा सरकार आज हिंदू संतों का अपमान कर रही है। हालात इतने भयावह हैं कि शंकराचार्य जी को अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर आशंका है और वे पिछले 36 घंटों से अनशन पर बैठने को मजबूर हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक उनसे संवाद का कोई प्रयास नहीं किया गया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शंकराचार्य का अपमान, पूरे सनातन धर्म का अपमान है। उन्होंने बताया कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पिछले 40 वर्षों से नियमित रूप से शाही स्नान करते आ रहे हैं, और यह पहली बार है जब उन्हें इस अखंड धार्मिक परंपरा से रोका गया है।

मौनी अमावस्या का शाही स्नान सदियों पुरानी परंपरा है, जिसे न मुगलों ने रोका और न अंग्रेजों ने, लेकिन भाजपा सरकार ने इसे तोडने का दुस्साहस किया है। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक सिंह ने आरोप लगाया कि शंकराचार्य और उनके समर्थकों के साथ दुर्व्यवहार किया गया, शिष्यों को बाल पकड़कर घसीटा गया, जिससे सुरक्षा की गंभीर स्थिति बनी। उन्होंने सवाल उठाया कि जब एक ओर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को जेड-प्लस सुरक्षा दी जाती है, तो दूसरी ओर शंकराचार्य के समर्थकों पर लाठियां क्यों बरसाई जाती हैं? क्या भाजपा सरकार में शंकराचार्य से बड़े कोई और हो गए हैं ? उन्होंने कहा कि शंकराचार्य का अपराध सिर्फ इतना है कि वे सरकार की कमियों पर सवाल उठाते हैं, आधे-अधूरे राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा पर आपत्ति जताते हैं, महाकुंभ की अव्यवस्थाओं और कोविड काल में गंगा में तैरती लाशों जैसे सच को सामने रखते हैं। इसी कारण भाजपा सत्ता के अहंकार में उनका अपमान कर रही है। कवर्धा ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी ने कहा कि जो लोग आज शंकराचार्य के अपमान पर चुप हैं, वे न सच्चे हिंदू हैं और न ही सनातनी। सनातन परंपरा में अन्याय के सामने मौन को कभी धर्म नहीं माना गया।

यह मौन शांति नहीं, बल्कि सत्ता और ट्रोल के डर का परिणाम है। धर्म नारों से नहीं, नैतिक साहस से जीवित रहता है मोदी–योगी काल में संत असुरक्षित उन्होंने कहा कि यह कटु सत्य है कि इस दौर में धर्म का सबसे अधिक राजनीतिक उपयोग हुआ और साधु-संतों का सबसे अधिक अपमान। मंदिर बने, लेकिन संत असुरक्षित हुए। धर्म को मंच मिला, पर परंपरा को सम्मान नहीं। यह सनातन का उत्थान नहीं, सत्ता की दलाली है। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीमा अनंत ने कहा कि शंकराचार्य की गरिमा रौंदी जा रही है, कल किसी और संत की बारी होगी और फिर आम हिंदू की। जो आज चुप हैं, वे भविष्य में रोने का भी अधिकार खो देंगे। प्रेस वार्ता में वीरेंद्र जांगड़े, गणेश योगी, गोपाल चंद्रवंशी, कल्याणी टोन्डर, चोवाराम साहू, प्रशांत परिहार, नीलकंठ साहू, टीकम शर्मा, भीषम पांडे, राजेन्द्र चंद्रवंशी, राजेन्द्र मार्कण्डेय, भरत साहू,धनेश पाली, सुधांशु बघेल, मेहुल सत्यवंशी, रामायण सिन्हा,पुष्पलता जोशी, पूर्णिमा चंद्राकर, अमन वर्मा, वैभव ठाकुर, सुजल ठाकुर, आशीष साहू, तुषार वर्मा उपस्थित थे।

### भाजपा-भक्ति और धर्म-भक्ति में फर्क समझना जरूरी : वर्मा




बोड़ला ब्लॉक अध्यक्ष छबीलाल वर्मा ने कहा कि भाजपा-भक्ति और धर्म-भक्ति में फर्क समझना जरूरी है। सनातन कभी सत्ता-केंद्रित नहीं रहा। शंकराचार्य परंपरा ने हमेशा गलत नीतियों और सत्ता के अहंकार को चुनौती दी है। आज यदि वही परंपरा अपमानित हो और तथाकथित हिंदू चुप रहें, तो यह भक्ति नहीं बल्कि गुलामी है। अंत में युवा नेता मनीष शर्मा ने कहा कि यह समय सत्य कहने और धर्म के साथ खड़े होने का है धर्म सरकार से बड़ा है, शंकराचार्य सत्ता से ऊपर हैं। जो लोग आज चुप हैं, इतिहास उन्हें मौन के अपराधी के रूप में याद रखेगा।

**अनदेखी:** शासन-प्रशासन की उपेक्षा से वनांचल के युवाओं में असंतोष

# साल भर बाद भी नहीं बन पाया मिनी स्टेडियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिल्फीघाटी

बैगा बहुल और भाजपा का गढ़ माने जाने वाले चिल्फी क्षेत्र में शासन-प्रशासन की उदासीनता एक बार फिर उजागर हो गई है।

युवाओं के खेल व शारीरिक विकास के लिए स्वीकृत मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य एक वर्ष बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं हो सका, जिससे क्षेत्र के युवाओं में भारी असंतोष व्याप्त है। निर्माण कार्य स्थल में लगे सरकारी सूचना बोर्ड के अनुसार यह कार्य वर्ष 2024-25 में स्वीकृत हुआ था, जिसकी लागत करीब 51 लाख रुपए से अधिक बताई गई है। सूचना बोर्ड में निर्माण कार्य प्रारंभ तिथि 13 दिसम्बर 2024 अंकित है, लेकिन जमीनी हकीकत तस्वीरों में साफ दिखाई दे रही है।

लेकिन यह निर्माण कार्य साल भर बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो समतलीकरण के नाम पर सिर्फ मिट्टी खोद दी गई है, मैदान अधूरा पड़ा है और खेल से जुड़ी कोई मूलभूत सुविधा अब तक तैयार नहीं कराई गई है। तस्वीरों में स्पष्ट दिखता है कि चारदीवारी तो खड़ी कर दी गई, लेकिन मैदान का लेवलिंग, ट्रैक, गैलरी या अन्य खेल संरचनाएं नदारद हैं। चारों ओर जंगल और खुले मैदान के बीच यह अधूरा स्टेडियम सरकारी लापरवाही का प्रतीक बन गया है। चिल्फी सहित आसपास के गांवों के युवाओं का कहना है कि सरकार खेलों को बढ़ावा देने की बातें तो करती है, लेकिन वनांचल क्षेत्रों में योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित रह जाती हैं। युवाओं का आरोप है कि कई बार शिकायत और जानकारी देने के बावजूद न तो निर्माण में तेजी आई और न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति निरीक्षण किया।



### भाजपा के गढ़ में योजनाएं बेहाल

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस इस क्षेत्र को भाजपा की राजनीतिक रूप से मजबूत माना जाता है, लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि भाजपा के इस गढ़ में ही अगर युवाओं की जरूरतों की ऐसी अनदेखी हो रही है, तो दूरस्थ और कमजोर इलाकों का हाल क्या होगा? ऐसे में यह मामला सिस्टम की कार्यप्रणाली और जवाबदेही पर सीधा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

### वनांचल चिल्फी में युवाओं की अनदेखी पर सवाल

क्षेत्र के युवाओं ने मांग की है कि मिनी स्टेडियम का कार्य तत्काल पूर्ण कराया जाए, निर्माण में हुई देरी की जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्यवाही की जाए, भविष्य में वनांचल क्षेत्रों के साथ इस तरह की उपेक्षा न की जाए, क्षेत्र के युवाओं ने सत्ताधारी पार्टी भाजपा के नेताओं से कहा कि सिस्टम के भरोसे मत बैठो, क्या पता सिस्टम ही तुम्हारे भरोसे बैठा हो, चिल्फी के युवाओं की यह पंक्ति आज पूरे वनांचल की पीड़ा बयां कर रही है।

# घरेलू विवाद में पत्नी से मारपीट तथा कीटनाशक दवा पिलाकर हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में महिला अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर सख्ती से अमल करते हुए कबीरधाम पुलिस ने घरेलू विवाद में पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी को त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस कार्रवाई से आमजन में कानून के प्रति विश्वास और पुलिस की कार्यक्षमता का संदेश गया है।

मामला थाना सहसपुर लोहारा क्षेत्र का है, जहां गत 19 जनवरी 2026 की रात घरेलू विवाद के दौरान पति ने पहले पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट की और फिर कीटनाशक सल्फास खिलाकर उसकी हत्या कर दी। घटना की सूचना 20 जनवरी को मृतिका के पिता लेखराम साहू द्वारा थाने में दी गई, जिसके आधार पर अपराध दर्ज कर तत्काल विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सहसपुर लोहारा निरीक्षक मनीष मिश्रा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर आरोपी पति जोधन साहू को हिरासत लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई, जहां उसने अपराध स्वीकार कर लिया।

आरोपी जोधन साहू आयु 50 वर्ष, निवासी ग्राम महराटोला, थाना सहसपुर लोहारा को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस त्वरित कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक बलदाऊ भट्ट, प्रधान आरक्षक गिरीश तिवारी, आरक्षक राजू सोनवानी सहित थाना स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही।

कबीरधाम पुलिस ने स्पष्ट किया है कि महिला अपराधों और गंभीर मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।।

# गुढ़ा के स्कूल में मिला तंत्र मंत्र का सामान जांच में सामने आई शरारती तत्वों की करतूत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में आसामाजिक एवं आपराधिक तत्वों की हरकतों पर लगाम लगते नहीं दिखाई दे रही है। कभी वे मंदिरों में तोड़ फोड़ की घटना को अंजाम दे रहे हैं तो कभी लोगों को डराने धमकाने का काम कर रहे हैं।

ऐसा ही एक मामला जिले के दशरंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम गुढ़ा में संचालित शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल से सामने आया है। जहां शरारती व आसामाजिक तत्वों ने जादू टोना का खेल रचकर स्कूली बच्चों और स्कूल प्रशासन को डराने का प्रयास किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गुढा स्थित हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर में तंत्र मंत्र का सामान मिला है। इसकी वजह से पूरे स्कूल में हड़कंप मचा हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार स्कूल के एक पेड़ के नीचे संदिग्ध वस्तुएं पाई गईं। मौके पर एक बच्चे की तस्वीर, कपड़े से ढंका गुड्डा (टैडी बेयर), नींबू, कपूर और बंधन जैसी सामग्री मिली है।

जिससे शिक्षकों के होश उड़ गए और पूरे स्कूल में डर का माहौल पैदा हो गया। बताया जाता है कि बीते सोमवार सुबह जब शिक्षक विद्यालय पहुंचे तो उन्होंने देखा कि स्कूल परिसर में बच्चे एक पेड़ के पास भीड़ लगाए हुए हैं। पास जाकर देखने पर संदिग्ध सामग्री दिखाई दी, जिसे देखकर कई लोगों ने तंत्र-मंत्र या जादू-टोना होने की आशंका जताई। एहतियातन शिक्षकों ने बच्चों को तुरंत वहां से हटाया और मामले की सूचना गांव के वरिष्ठजनों और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही दशरंगपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने सभी संदिग्ध सामग्री को जब्त कर स्कूल परिसर से बाहर फेंकवाया, जिसके बाद स्थिति सामान्य हुई। पुलिस जांच में सामने आया कि यह किसी शरारती तत्व की करतूत है, जिसका उद्देश्य केवल भय का माहौल बनाना था।

बच्चों और शिक्षकों को डराने के उद्देश्य से किसी अज्ञात व्यक्ति ने यह काम किया है। इस घटना की जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि तंत्र-मंत्र जैसी कोई गतिविधि नहीं हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि जिस बच्चे की तस्वीर वहां रखी गई थी, उसकी मृत्यु करीब 20 वर्ष पूर्व हो चुकी है। उसकी याद में गांव में एक मंदिर बनाया गया था, जहां यह तस्वीर लगी थी। आशंका है कि किसी ने वहां से तस्वीर हटाकर स्कूल परिसर में रख दिया।

# पोंड़ी-मुंगेली सड़क व बायपास निर्माण में देरी पर सांसद संतोष पाण्डेय नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने राष्ट्रीय राजमार्ग 130 अंतर्गत पोंड़ी से मुंगेली तक सड़क,बायपास एवं पुल निर्माण कार्यों में हो रही लगातार देरी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है।



उन्होंने इस संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग रायपुर के अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखकर संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई, निर्माण कार्य अविलंब प्रारंभ कराने तथा गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश देने की मांग की है। सांसद श्री पांडेय ने पत्र में उल्लेख किया है कि पोंड़ी, पंडरिया, मुंगेली एवं तखतपुर में बायपास सड़क का निर्माण प्रस्तावित है।

साथ ही पांडातराई के पास फोंक नदी, पंडरिया के पास हाफ पर पुल निर्माण भी किया जाना है। यह मार्ग क्षेत्र की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है,जिसके लिए केन्द्र सरकार द्वारा करोड़ों रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इतने महत्वपूर्ण परियोजना में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। यदि शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया,तो वे आगे आवश्यक कार्रवाई करने के लिए बाध्य होंगे।

# छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज इकाई कवर्धा का प्रथम चरण जिला कार्यकारिणी गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी की अनुशंसा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश आहूजा तथा प्रदेश मंत्री अतुल देशलहरा की सहमति से चेम्बर ऑफ कॉमर्स कवर्धा इकाई के जिला अध्यक्ष दिनेश जैन द्वारा जिला कार्यकारिणी के प्रथम चरण में प्रमुख पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिसमे सूर्य प्रकाश केशरी महामंत्री और द्वारिका गुप्ता कोषाध्यक्ष नियुक्त किए गए। मनोनित पदाधिकारियों में संरक्षक महावीर जैन, कुलवंत सिंह सलूजा, त्रिलोक सिंह मुटरेजा, निर्मल माहेश्वरी, सलाहकार गौतम श्रीश्रीमाल,गौतम लुनिया, राजा पात्रो, महामंत्री सूर्यप्रकाश केसरी, कोषाध्यक्ष द्वारिका गुप्ता, उपाध्यक्ष अमित बरड़िया, प्रभु राजपुरोहित मंत्री मनोज ठाकुर, विनोद कटारिया, मीडिया प्रभारी अजय लुनिया, नवदीप सिंह चावला सोनू, विकास केशरवानी, छबेंन्द्र गुप्ता, जोन प्रभारी कवर्धा राकेश दोशी, पिपरिया अनिल दानी, पांडातराई विजय गुप्ता, लोहारा सुनील साहू, बोड़ला राजेंद्र तिलकवार, पोंड़ी पवन केशरवानी, कानूनी सलाहकार पंकज जैन, नगर पालिका एवं खाद्य विभाग समन्वय समिति अविनाश तिवारी, अनुशासन समिति सलीम हिंगोरा भजनजीत खुराना, कार्यकारिणी सदस्य वनीत सिंह सलूजा, दीप शर्मा, प्रमोद लुनिया, अमित शर्मा, रियाज शेखानी, आशीष जैन, सुधीर चोपड़ा, संजय तिवारी, बल्लू सिन्हा, संजय गुप्ता, मनीष कानूगा, प्रमोद कोचर, रुपेश जैन (सिंघई), अखिलेश गुप्ता, जितेंद्र वैष्णव, शोभा साहू, मनीष पारख शामिल है। यह घोषणा जिला कार्यकारिणी के प्रथम चरण की है। संगठन के विस्तार को ध्यान में रखते हुए आगामी चरण मे आवश्यकतानुसार कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। इस जिला कार्यकारिणी गठन पर कवर्धा के समस्त व्यापारी बंधुओं ने खुशी जाहिर की है तथा इसे संगठन को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक और महत्वपूर्ण कदम बताया है। व्यापारियों ने आशा व्यक्त की है कि नई कार्यकारिणी के नेतृत्व में चेम्बर संगठन और अधिक सक्रिय होगा एवं व्यापारी हितों से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी रूप से कार्य करेगा। उक्त जानकारी दिनेश जैन जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज जिला कबीरधाम कवर्धा ने दी।

ग्राम पंचायत ढोलबजा के नया टोला में 70 से 80 बैगा परिवारों को किया गया कंबल वितरण

# वनांचल क्षेत्र में कंबल वितरण, बैगा परिवारों को मिली ठंड से राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

बोड़ला ब्लाक के वनांचल क्षेत्र में ठंड से जूझ रहे बैगा आदिवासी परिवारों के लिए राहत का कार्य किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य के द्वारा ग्राम पंचायत ढोलबजा के नया टोला में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान लगभग 70 से 80 बैगा आदिवासी परिवारों को कंबल वितरित किए गए। कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य ने जानकारी देते हुए बताया कि वनांचल क्षेत्रों में ठंड का प्रभाव अधिक रहता है और आर्थिक रूप से कमजोर बैगा आदिवासी परिवारों को सर्द मौसम में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह सेवा कार्य किया गया, ताकि जरूरतमंद परिवारों को ठंड से कुछ राहत मिल सके। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष छवि वर्मा के नेतृत्व में किया गया।



कंबल वितरण के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही कांग्रेस की परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि बैगा आदिवासी समाज प्रकृति के सबसे करीब रहने वाला समाज है, लेकिन सुविधाओं के अभाव में उन्हें कई बार कठिन परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है, ऐसे में जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बनती है कि वे आगे आएं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष डाकोर चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मन्नू चंद्रवंशी, पूर्व जनपद सदस्य पवन चंद्रवंशी, क्षेत्रीय जनपद सदस्य श्याम मसराम, जितेंद्र चंद्रवंशी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

सभी अतिथियों ने बैगा परिवारों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। कंबल पाकर बैगा आदिवासी परिवारों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। ग्रामीणों ने इस मानवीय पहल के लिए अतिथियों और कांग्रेस नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के माध्यम से वनांचल क्षेत्र में सामाजिक सरोकार और संवेदनशीलता का संदेश भी दिया गया।

# राज्य स्तरीय रोजगार मेला 29 जनवरी से 31 जनवरी तक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

रोजगार एवं प्रशिक्षण द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय रोजगार मेला 29 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, सेजबहार, रायपुर में आयोजित है। कबीरधाम जिले के युवाओं के लिए 30 जनवरी 2026 तिथि नियत किया गया है। इस रोजगार मेला में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न निजी संस्थाओं से रिक्तियों प्राप्त हुआ है, जिसकी भर्ती मेला स्थल व साक्षात्कार के माध्यम से किया जाना है। रिक्तियों की जानकारी के लिए विभाग के वेबसाईट का अवलोकन कर मेला में सम्मिलित होने के लिए आवेदन/पंजीयन कर सकते हैं। ऐसे आवेदक जिन्होंने राज्य स्तरीय रोजगार मेला के लिए आवेदन किये है, वे सर्वप्रथम रोजगार पंजीयन पश्चत प्राप्त आईडी में अपना प्रोफाईल अपडेट कर लेगें तथा रिक्तियों का चयन कर मेला में सम्मिलित होने की प्रारंभिक प्रक्रिया पूर्ण कर लेगें। ऐसे आवेदक जिनका रोजगार पंजीयन वर्ष 2024 के पूर्व का हुआ है वे इस नये रोजगार पंजीयन पोर्टल में पंजीयन, अपडेशन किया जाना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय कबीरधाम या दूरभाष पर संपर्क कर सकते है।

लघु सिंचाई व जल निकाय गणना कार्यों की समीक्षा कर शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने दिए निर्देश

# कलेक्टर ने तहसीलवार राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वामित्व योजना के तहत अधिकार अभिलेखों का वितरण किया जाना है। इसके लिए सभी तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्र के लंबित मामलों का जल्द से जल्द निराकरण कर निर्धारित तिथि तक काम पूरा करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री वर्मा ने योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीण लोगों को उनके मकान और भूमि का कानूनी अधिकार देने की एक महत्वपूर्ण पहल है, इसलिए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी जरूरी दस्तावेज समय पर तैयार करने और वितरण की पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए। यह निर्देश कलेक्टर श्री वर्मा ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिए।

कलेक्टर ने बैठक में तहसीलवार राजस्व से संबंधित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने समय सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें और बिना किसी देरी के समय सीमा के भीतर काम पूरा करें। कलेक्टर ने कहा कि जनता से जुड़े मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरती जाए और प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मामलों की नियमित समीक्षा की जाए। बैठक में अपर कलेक्टर विनय पोयाम, नरेंद्र पैकरा, एसडीएम पंडरिया संदीप ठाकुर, कवर्धा चेतन साहू, बोड़ला सागर सिंह, सहसपुर लोहारा श्रीमती शिल्पा देवांगन, डिप्टी कलेक्टर आर बी देवांगन, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## अधिकारियों को प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाने की जरूरत



कलेक्टर ने कहा कि अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, त्रुटि सुधार के प्रकरणों में अनावश्यक देरी न की जाए और तय समय सीमा के भीतर मामलों को सुलझाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया कि विवादित प्रकरणों के लिए पूर्व में निर्धारित समय सीमा का सख्ती से पालन हो और इनके समाधान में गंभीरता बरती जाए। कलेक्टर ने बैठक के दौरान अधिकारियों को प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाने और नागरिकों को त्वरित सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने तहसीलवार अविवादित और विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, त्रुटि सुधार, डायवर्सन, नक्शा बटांकन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में ऐसे तहसील जिनकी प्रगति प्रतिशत कम है, उन्हें इस मामले में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। विवादित प्रकरण के मामले भी समय सीमा से ज्यादा लंबित न हो। उन्होंने छूटे हुए बच्चों के अपार आईडी निर्माण के लिए तहसील स्तर पर सभी आवश्यक दस्तावेज निर्माण और कलेक्शन के संबंध में जानकारी ली। श्री वर्मा ने लघु सिंचाई संगणना एवं द्वितीय जल निकायों गणना की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने पाया कि इस कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है। इस पर कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए कि अपने-अपने तहसील क्षेत्रों में राजस्व निरीक्षकों के माध्यम से सभी पटवारियों को लघु सिंचाई संगणना एवं द्वितीय जल निकायों से संबंधित मोबाइल एप से इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से करते हुए शत-प्रतिशत पूर्ण कराया जाए। इस दौरान उन्होंने एसआईआर के अंतर्गत चल रहे कार्यों की भी जानकारी ली और कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

# दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिवारों को 1 करोड़ तक की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



- एसएसपी रामकृष्ण साहू और एसबीआई अधिकारियों ने शोकसंतप्त परिजनों को प्रदान किया चेक

पुलिस सैलरी पैकेज योजना के तहत जिले में दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिवारों को भारी आर्थिक सहायता प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित इस औपचारिक कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू और भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने शोकसंतप्त परिवारों को भरोसा दिलाया कि पुलिस विभाग और बैंक हमेशा उनके साथ खड़े हैं।

कार्यक्रम में स्व. प्रधान आरक्षक दुष्यंत ठाकुर की पत्नी रंजना ठाकुर को दुर्घटना बीमा के तहत 01 करोड़ रुपए, स्व. प्रधान आरक्षक मुकेश राजपूत की पत्नी अर्चना को जीवन बीमा के तहत 10 लाख रुपए, और स्व. आरक्षक यशपाल सिंह राजपूत के भाई दानेश्वर राजपूत को 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया गया। एसबीआई पुलिस सैलरी पैकेज योजना के तहत पुलिसकर्मियों के परिवारों को आकस्मिक मृत्यु पर 01 करोड़ रुपए तक और सामान्य मृत्यु पर 10 लाख रुपए तक का बीमा कवर मिलता है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कहा कि यह पहल न केवल वित्तीय सहायता देती है, बल्कि पुलिस विभाग और बैंक की संवेदनशीलता, मानवीय जिम्मेदारी और सुरक्षा का प्रतीक भी है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में एसबीआई क्षेत्रीय प्रबंधक बलौदाबाजार नरेन्द्र कुमार मित्तल, मुख्य प्रबंधक गजेन्द्र उईके, मुख्यलिपिक हरिओम विश्वकर्मा, स्टेनो संतोष सोनवानी सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अंडर-15 एवं 19 बालिका-महिला क्रिकेट टीम का सलेक्शन ट्रायल्स 30 को

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ रायपुर के निर्देशानुसार 30 जनवरी को छत्तीसगढ़ वेस्ट जोन अंडर-15 एवं 19 बालिका-महिला क्रिकेट टीम का सलेक्शन ट्रायल्स राजनादगांव क्रिकेट ग्राऊंड में प्रातः 9.00 बजे से रखा गया है। सिलेक्शन ट्रायल्स में कट ऑफ डेट निम्नानुसार है अंडर-15 हेतु दिनांक 01 सितम्बर 2011 से 31 अक्टूबर 2014 तक व अंडर-19 हेतु दिनांक 01 सितम्बर 2007 पश्चात जन्मतिथि वाले ही सलेक्शन ट्रायल्स में भाग ले सकेंगे। चयन ट्रायल में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। जिसमें जिला क्रिकेट संघ का पंजीयन, 02 नग नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ, पिछले 06 वर्षो की अंकसूची, डिजीटल एवं मैनुअल जन्म प्रमाणपत्र, पीवीसी आधार कार्ड (नवीनतम फोटो सहित), आधार कार्ड, जिले का निवास प्रमाणपत्र ट्रायल्स में खिलाड़ियों को स्वयं के कीट में उपस्थित होना आवश्यक है। जिले के समस्त महिला क्रिकेट ड्यूस बॉल खिलाड़ी, स्थानीय पीजी कालेज धमतरी स्थित क्रिकेट स्टेडियम में 25 जनवरी के पूर्व, उपरोक्त दस्तावेज सहित पंजीयन के लिए संजय तिवारी सह सचिव से सम्पर्क कर, अपना पंजीयन करा सकते है, ताकि 30 जनवरी 2026 को राजनांदगांव क्रिकेट ग्राऊंड में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके। यह जानकारी बलबीर खनूजा सचिव जिला क्रिकेट संघ द्वारा दिया गया।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से की भेंट-मुलाकातः श्रवण गिरि गोस्वामी



**कवर्धा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर नवनिर्वाचित भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से भेंट मुलाकात कर बधाई देते हुए विश्वगुरु शंकराचार्य दशनाम गोस्वामी समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष महंत श्रवण गिरि गोस्वामी पीठाधीश्वर दशनाम गोस्वामी अखाड़ा छत्तीसगढ़ ने भेंट-मुलाकात कर गुलदस्ता भेंटकर बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न

**मोहगांव।** राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहगांव के द्वारा ग्राम ड़ोगरिया-कला मां महामाया मंदिर में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन गत दिनों 12 जनवरी को रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में ग्राम पंचायत के सरपंच बैजनाथ चंद्रवंशी, तथा सदस्य अलख चन्द्रवंशी, सीताराम चन्द्रवंशी तथा जनपद सदस्य श्रीमती रानी मिथलेश चन्द्रवंशी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।ॉ

# कोलेगांव में रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव कथा का आयोजन 3 फरवरी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 3 से 11 फरवरी तक संपन्न होगा। उल्लेखनीय है कि ग्राम कोलेगांव में पिछले 16 वर्षो से निरंतर यज्ञ परंपरा चली आ रही है, जिसमें पूरे गांव का सक्रिय सहयोग रहता है। बताया जाता है कि 3 फरवरी को जल यात्रा, पंचांग पूजन एवं मंडप प्रवेश, 4 फरवरी को वैदिक स्थापना, अरणि मंथन एवं आहुतियों का शुभारंभ तथा 11 फरवरी को यज्ञ पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा, महाआरती, शोभायात्रा एवं ब्राह्मण भोज का आयोजन किया जाएगा। इस रुद्र महायज्ञ के यज्ञाचार्य पं योगेश्वर दुबे पंडरिया एवं उपाचार्य वेदाचार्य पं महेश्वर प्रसाद द्विवेदी कारेसरा होंगे। वहीं शिव कथा प्रवचन पं सागर मिश्रा पांडातराई, श्रीमती रश्मि शास्त्री झांसी, मध्यप्रदेश एवं आर्य त्रिपाठी बटूराकछार के मुखारविंद से श्रद्धालुओं को सुनने का सौभाग्य प्राप्त होगा। उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय विधायक उत्कृष्ट भावना बोहरा द्वारा यज्ञ मंच की घोषणा की गई थी, जिसके तहत वर्तमान में यज्ञ मंच का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। इसी नवीन यज्ञ मंच पर इस वर्ष का संपूर्ण रुद्र महायज्ञ संपन्न होगा। ग्राम पंचायत सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में आयोजन की तैयारियां जोर शोर से किया जा रहा हैं। यज्ञ को लेकर ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्सव और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है, इस पावन आयोजन को सफल बनाने हेतु समस्त ग्रामवासी तन, मन और धन से सहयोग कर रहे हैं।



## संगीत संकल्प शाखा कवर्धा समारोह-2026 का भव्य आयोजन

**हरिभूमि कवर्धा।** संगीत संकल्प शाखा कवर्धा द्वारा संगीत संकल्प समारोह-2026 का भव्य आयोजन स्थानीय पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों एवं शाखा के सदस्यों द्वारा मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत उपाध्यक्ष गणेश तिवारी द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र मिश्रा, नाथ योगी समाज के मार्गदर्शक रूपेंद्रनाथ शिवोपासक उपस्थित थें। संगीत संध्या की शुरुआत शारदा संगीत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति से की गई। तत्पश्चात सुरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। वहीं अंकुर गुप्ता द्वारा भावपूर्ण गजलों की प्रस्तुति दी गई। खैरागढ़ से आए युवा कलाकार वायलिन वादक मानस मयंक, सितार वादक इक्षेश सेठिया एवं तबला वादक रामकृष्ण पटेल द्वारा वायलिन सितार एवं तबला की प्रभावपूर्ण जुगलबंदी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम की अंतिम श्रृंखला में कोलकाता से पहुंची श्रीमती दीपांविता चक्रवर्ती द्वारा उपशास्त्रीय एवं सुगम संगीत की प्रस्तुति से श्रोता भाव-विभोर हो उठे, इस प्रस्तुति में उनका साथ बांसुरी संगतकार डॉ बिहारी तारम खैरागढ़ एवं प्रसिद्ध तबला वादक दीपक दास महंत खैरागढ़ ने कार्यक्रम को नयी ऊंचाई प्रदान की। प्रस्तुति के दौरान श्रोताओं की फरमाइश पर श्रीमती चक्रवर्ती द्वारा बेगम अख्तर, उस्ताद गुलाम अली, जगजीत सिंह की क्लासिक गजलें भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता जे के सिंह एवं अंकुर गुप्ता द्वारा किया गया। शाखा के अध्यक्ष राधेश देवांगन, निदेशक प्रबुद्ध शर्मा, प्रदीप शर्मा, हरणदास मानिकपुरी, मारुति शरण शर्मा द्वारा समस्त अतिथियों एवं कलाकारों को स्मृति चिन्ह एवं अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में शाखा के योगेश नाथ योगी, रामखिलावन लांजेकर, लोकनाथ साहू, योगेंद्र दास मानिकपुरी, तुलेश्वर शर्मा, कौशल सोनी, आर्यन नाथ योगी का विशेष सहयोग रहा।

# सनातन संस्कृति संरक्षण के लिए ग्राम कुई में महामंथन, मोबाइल नहीं, बच्चों को दें संस्कारः पाठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुई/कोदवा-गोडान

ग्राम कुई स्थित चंडी मंदिर प्रांगण में बीते मंगलवार को सनातन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लेकर समाज में व्याप्त नशाखोरी जैसी कुरीतियों के चलते निरंतर बढ़ रहे अपराध और धर्म विरोधी गतिविधियों पर चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडरिया के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रघुनंदन पाठक ने अपने प्रभावशाली उद्बोधन में हिंदू धर्म और संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने अभिभावकों से सीधा आव्हान करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को मोबाइल थमाने के बजाय उन्हें अपनी धार्मिक परंपराओं और संस्कारों से जोड़ें। इसके लिए हर अभिभावक को स्वयं जन जागरूक होना होगा, उन्होंने वनांचल क्षेत्रों में सक्रिय धर्मांतरण की शक्तियों के प्रति आगाह करते हुए इसे रोकने के लिए निरंतर जन-जागरण की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रविनंदन पांडेय ने एक अनूठी पहल का सुझाव दिया।

उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति की जड़ें मजबूत करने के लिए यह कार्यक्रम किसी एक स्थान तक सीमित न रहकर गांव के प्रत्येक घर में क्रमशः आयोजित किया जाना चाहिए। उन्होंने अपील की कि ग्रामों में रामायण और भजन मंडलियों के माध्यम से साप्ताहिक धार्मिक चर्चाएं नियमित रूप से आयोजित हों, ताकि हर परिवार अपनी संस्कृति से जुड़ा रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सनातन समिति की ऐसी समीक्षा बैठक हर दो महीने में आयोजित की जाएगी। जिससे क्षेत्र में होने वाली असामाजिक और धर्म विरोधी गतिविधियों पर समिति द्वारा नजर रखी जा सके।

इस अवसर पर दुर्गाचरण पांडेय, संतोष श्रीवास, साधू कोठारी,वरिष्ठ युवा नेता रामप्रसाद धुर्वे, लक्ष्मी ठाकुर और डालचंद मानिकपुरी ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में लगभग 25 ग्रामों से आए प्रतिनिधियों बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिन्होंने समाज और धर्म की रक्षा का संकल्प लिया। अंत में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक व पूर्व सरपंच कृष्ण कुमार कुंभकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### संस्कार केंद्र के माध्यम से बच्चों को संस्कारित करने की जरूरत

जिला धर्म जागरण प्रमुख राजकुमार यादव ने कहा कि समाज में सुधार और बच्चों को पाश्चात्य संस्कृति से बचाने के लिए हर गांव में संस्कार केंद्र की आवश्यकता है,ऐसे केंद्रों में अपने नौनिहालों को धर्म संस्कृति के साथ-साथ खेल-कूद और सामान्य ज्ञान की शिक्षा देते हुए उन्हें सही रास्ते पर रखा जा सकेगा। आज के बच्चे ही भविष्य के समाज की दिशा तय करेंगे इसलिए संस्कार केंद्रों की नितांत आवश्यकता है

## नवनियुक्त महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बबली साहू ने विधायक से की सौजन्य मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

भाजपा महिला मोर्चा के नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष बबली साहू ने महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा से की सौजन्य मुलाकात की। जिला भाजपा महिला मोर्चा कबीरधाम अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तिवारी ने भाजपा महिला मोर्चा जिला कबीरधाम की विस्तार करते हुए 4 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 5 मंत्री, 1 कोषाध्यक्ष, 30 कार्यकारणी सदस्य व 10 स्थायी सदस्य तथा 19 विशेष आमंत्रित सदस्य एवं 14 मण्डल अध्यक्षों सहित जंबो टीम की घोषणा की हुई, जिसमें भाजपा महिला मोर्चा मण्डल कुण्डा अध्यक्ष पूर्व महामंत्री बबली साहू की नियुक्ति की है। मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बनने के पश्चात बबली साहू ने मण्डल अंतर्गत महिला कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा से उनके गृह निवास रणवीपुर में सौजन्य मुलाकात कर विधायक भावना बोहरा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बबली साहू, सुमन गुप्ता, सरिता वैष्णव, सृष्टि सोनी, निधि चंद्राकर, इंद्राणी कश्यप सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## पेज 11 के शेष

### राज्यपाल गोद ग्राम ...

सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविरों से उन्हें अपने गांव में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। स्वास्थ्य विभाग ने भविष्य में भी ऐसे शिविरों के आयोजन का आश्वासन दिया।

### नांदघाट में धान ...

पप्पू और चलने फिरने में असमर्थ रामकुमार के विरुद्ध मारपीट का काऊंटर केस पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस द्वारा घनाराम की रिपोर्ट पर दिलहरण और उसके बेटों के विरुद्ध 351 (3) , 296 , 115 (2) , 3 (5) बीएनएस तथा दिलहरण की रिपोर्ट पर रामकुमार साहु प्रभुराम घनाराम और पप्पू पर296 , 351 , 115 (2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### शालाओं में गुणवत्ता सुधार ....

सदस्य पन्नालाल परगनिहा हिंदी विषय में तथा सेवानिवृत्त व्याख्याता श्री संतोष कुमार परगनिहा संस्कृत विषय में निःशुल्क सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। विद्यालय में उपलब्ध डिजिटल क्लासरूम एवं स्मार्ट क्लास के माध्यम से डीटीएच द्वारा ऑनलाइन शैक्षणिक कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को जोड़ा जा रहा है। **प्रयासों की हुई सराहना :** कोर ग्रुप सदस्य श्री एस.एस. ठाकुर ने शाल द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि परीक्षा परिणाम सुधार हेतु अपनाई गई ये पहलें अन्य शालाओं के लिए भी अनुकरणीय हैं। निरीक्षण के अवसर पर प्रधानपाठक शांति कुमार बघेल (भरदा), प्रधानपाठक अनुज राम मेवारी (लावतरा), सहायक ग्रेड भोला वर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### फौजी सूर्या सिंह चौहान की ...

लड़ाई के लिए जेल यात्रा करते हैं। यह हमारे लिए गर्व और हर्ष का विषय है।संगठन ने फौजी सुर्या सिंह चौहान की रिहाई को सत्य और संघर्ष की जीत बताया है तथा इसे छत्तीसगढ़िया आंदोलन को और अधिक मजबूती देने वाला कदम करार दिया है। रिहाई रैली को लेकर पूरे जिले में उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

पौधारोपण और संरक्षण के प्रति ग्रामीणों में जन-जागरूकता बढ़ रही

# मोहतरा कला के अटल उद्यान क्षेत्र में चर्चा का विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव





विकासखंड पंडरिया के हृदयस्थल ग्राम मोहतरा कला में इन दिनों एक अनूठे, प्रेरणादायी और विकासोन्मुख सृजन की चर्चा चारों ओर सुनाई दे रही है। गांव में निर्मित हो रहा अटल उद्यान न केवल ग्रामीण सौंदर्य को नया आयाम दे रहा है, बल्कि यह भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों, मूल्यों और स्मृतियों को समर्पित एक जीवंत प्रतीक के रूप में भी उभर रहा है। इस महत्वाकांक्षी और जनहितकारी पहल का नेतृत्व नवनिर्वाचित निर्विरोध सरपंच श्रीमती वर्षा निलेश चंद्रवंशी द्वारा किया जा रहा है, जिनकी सोच और कार्यशैली की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। अटल उद्यान को किसी साधारण पार्क की तरह नहीं, बल्कि हरियाली, सौंदर्य और सामाजिक समरसता के संगम के रूप में विकसित किया जा रहा है। उद्यान में लगाए गए रंग-बिरंगे फूल, छायादार वृक्ष और सुगंधित झाड़ियां न केवल पर्यावरण को समृद्ध बना रही हैं, बल्कि यहां आने वाले लोगों को सुकून और शांति का अनुभव भी कराती हैं। हरियाली से आच्छादित यह स्थल ग्रामीण जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर रहा है और लोगों को प्रकृति से जुड़ने का अवसर प्रदान कर रहा है।



शाम ढलते ही अटल उद्यान और गांव को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग आकर्षक प्रकाश व्यवस्था से जगमगा उठता है। रोशनी से सजे इस मार्ग और उद्यान का दृश्य अत्यंत मनमोहक और स्वप्निल प्रतीत होता है, जो देखने वालों को सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर लेता है। ग्रामीणों के साथ-साथ आसपास के गांवों से आने वाले लोग भी इस उद्यान को देखने और इसकी सुंदरता का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। इस उद्यान को विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों को ध्यान में रखते हुए शांत और सुकूनभरा स्थल बनाया गया है। यहां बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि बुजुर्ग छांव में बैठकर आपसी चर्चाएं कर सकें, अपने अनुभव साझा कर सकें और सामाजिक मेलजोल को और अधिक मजबूत बना सकें। इसके साथ ही बच्चों और युवाओं के लिए भी यह उद्यान प्रेरणादायी स्थल बन रहा है, जहां वे स्वच्छ वातावरण में समय बिता सकते हैं। अटल उद्यान में स्थापित नर्सरी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने का भी सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। पौधरोपण और संरक्षण के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ रही है, जिससे आने वाले समय में गांव और अधिक हरा-भरा बनने की उम्मीद है।

सरपंच श्रीमती वर्षा निलेश चंद्रवंशी का यह अभिनव और दूरदर्शी योगदान ग्राम मोहतरा कला को विकास की नई दिशा दे रहा है। बताया जा रहा है कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में इस प्रकार का यह पहला अनोखा उद्यान है, जिसकी सराहना आसपास के गांवों—कुंडा, दामापुर, कोलेगांव, भगतपुर, धनेली, पीपरमाटी, कंझेटा, कारीमाटी एवं कान्हाभैरा में भी खूब हो रही है। आज अटल उद्यान केवल मोहतरा कला की पहचान ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए विकास, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सौहार्द का प्रेरणास्रोत बनकर उभर रहा है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### धर्मसभा के आयोजन में शामिल होंगे शंकराचार्य

**राजनांदगांव।** शहर के पाटीदार भवन में श्रीगोवर्धनमठ-पुरी के पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती यहां आयोजित धर्मसभा के आयोजन में शामिल होंगे। आयोजन को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए धर्मसंघ, पीठ परिसर, आदित्य वाहिनी, आनंद वाहिनी संस्था से जुड़े लोगों ने बताया कि जगतगुरु स्वामी शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती जी 28 जनवरी को शहर पहुंचेंगे। यहां सुबह लगभग 8.30 बजे उनका सनातन धर्मप्रेमियों द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। वहीं सुबह लगभग 11.30 बजे दीक्षा एवं संगोष्ठी कार्यक्रम होगा। वहीं 29 जनवरी की सुबह लगभग 11.30 बजे धर्मसभा के आयोजन के साथ हिंदू राष्ट्र को लेकर विशाल संगोष्ठी होगी।

### वाद-विवाद, दो पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** मंडई-मेले को देखते हुए असामाजिक तत्वों पर पुलिस द्वारा नजर रखी जा रही है। जिसके तहत दो अनावेदक के खिलाफ गैंदाटोला पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना गैंदाटोला में क्षेत्रार्गत शराब, जुआ व अन्य असंवैधानिक गतिविधियों पर पैनी नजरी रखी जा रही है एवं सूचना पर तत्काल कार्रवाई कर निराकरण किया जा रहा है। आगामी ग्राम गैंदाटोला मंडई मेला को देखते हुए असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही थी। जिसके पूर्व शिकायतों पर जांच कर पूछताछ की जा रही थी।

## निधन

### राजिम देवी डिंडोरे

**बेमेतरा।** अतरगवां निवासी गऊटनीन श्रीमती राजिम देवी डिंडोरे पति स्व भीकमचंद डिंडोरे



का लंबी अस्वस्थता के बाद बुधवार शाम 4:30 बजे आकस्मिक निधन हो गया है। जिनका मिट्टी काठी कार्यक्रम आज 22 जनवरी गुरुवार गृहग्राम अतरगवां में दोपहर 12 के बाद सम्पन्न होगा। वे पटवारी निर्जल कुमार डिंडोरे व सेवानिवृत्त सहायक संचालक मत्स्यवन कुमार डिंडोरे की माता जी थी।

### तीनों विधानसभा क्षेत्रों में दावा-आपत्तियों की समीक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित

# साजा, बेमेतरा व नवागढ़ में राजनीतिक दलों के साथ हुई साप्ताहिक समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों 68-साजा, 69-बेमेतरा एवं 70-नवागढ़ में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा आज मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अब तक प्राप्त दावा-आपत्तियों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा राजनीतिक दलों को दावा-आपत्ति की सूची साझा की गई।

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के द्वितीय चरण के अंतर्गत 23 दिसंबर 2025 को निर्वाचक नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन के उपरांत जिले के समस्त मतदान केन्द्रों में दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने का कार्य सतत रूप से जारी है। इस प्रक्रिया की अंतिम तिथि 22 जनवरी 2026 निर्धारित है। जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में नाम जोड़ने हेतु अब तक कुल 4647 फार्म-6 ऑनलाईन प्राप्त हो चुके हैं। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 68 साजा – 1000 फार्म, विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा – 1441 फार्म, विधानसभा क्षेत्र 70 नवागढ़ – 2206 फार्म शामिल हैं। बैठक के दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अब तक प्राप्त दावा-आपत्तियों की सूची उपलब्ध कराई गई, ताकि वे पारदर्शिता के साथ प्रक्रिया में सहयोग कर सकें एवं योग्य मतदाताओं का नाम निर्वाचक नामावली में सुनिश्चित रूप से जोड़ा जा सके। बैठक में संबंधित सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी से आग्रह किया गया कि वे पात्र नागरिकों को समय सीमा के भीतर आवेदन करने हेतु प्रेरित करें, ताकि निर्वाचक नामावली त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाई जा सके।

**दावा-आपत्ति सुनवाई एवं लॉजिकल एरर निराकरण पर विस्तृत चर्चा :** बैठक में विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री प्रकाश भारद्वाज, I क्षेत्र 70 नवागढ़ की निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुश्री दिव्या पोटाई, विधानसभा क्षेत्र 68 साजा की निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुश्री हर्ष लता वर्मा द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दावा-आपत्तियों की प्रक्रिया, सुनवाई की व्यवस्था एवं लॉजिकल एरर के निराकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

# हाई स्कूल गौरमाटी में गौ विज्ञान परीक्षा एवं संगोष्ठी का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

समीपस्थ शासकीय हाई स्कूल गौरमाटी में गौ विज्ञान परीक्षा आयोजित किया गया। जिसमें 117 विद्यार्थियों ने भाग लिया। पहले से ही सभी परीक्षार्थियों को अध्ययन हेतु गौ विज्ञान ग्रंथ प्रदान किया गया था। इस दिवस को गौ सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया एवं गौ संगोष्ठी का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ श्री सुरभ्यै नमः मंत्र का सामूहिक जप से हुआ।

संस्था के प्राचार्य कृष्ण कुमार वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति द्वारा आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा एक अनूठी पहल है,जिसका उद्देश्य गौ माता के वैज्ञानिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक महत्व के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना है।शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष टहल राम साहू , वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती सरोज बाला बनाफर एवं कीर्तन शुक्ला ने कहा कि हमारे स्वस्थ एवं सुसंस्कृत जीवन के लिए गौ वंश अत्यंत आवश्यक है।गौ पालन से विमुखता के कारण समाज में सड़क दुघर्टनाएं और मानवीय क्षति बढ रही है। हमारा प्रयास गौ माता के महत्व को समाज तक पहुंचाना है,जिस दिन लोग गौवंश का वास्तविक महत्व को जान जाएंगे उसी दिन से गौवंश सड़कों से पुनः घरो की ओर लौट आएगी। विद्यार्थियों ने भी अपने विचार रखे उपस्थित सभी लोगों ने गौ संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया । कार्यक्रम में व्याख्याता एस कुमार मिर्चे, जयप्रकाश साहू, कीर्तन शुक्ला, दिनेश सोनी, मनीष वर्मा, पालक एवं सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# लंबित प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निराकरण करना सुनिश्चित करें: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी शासन द्वारा जनहित में चलाए जा रहे सेवाओं, योजनाओं और कार्यक्रमों में गति लाएं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभागीय योजनाओं के

- ■ सभी अधिकारी कर्मचारी नियत समय पर कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थिति करें दर्ज

शत प्रतिशत क्रियान्वयन और निर्धारित लक्ष्य पूर्ति की दिशा में प्राथमिकता सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सुनिश्चित करें कि कोई भी प्रकरण निर्धारित समय उपरांत लंबित ना रहें। कलेक्टर ने कहा कि एक माह से अधिक समय तक लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए सभी विभाग अधिकारी प्राथमिकता सुनिश्चित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करें। कलेक्टर ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को अपने कार्यालय में नियमित रूप से नियत समय में उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा है। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी आधार आधारित उपस्थिति दर्ज करें। निर्धारित समय में उपस्थिति दर्ज नहीं होने पर संबंधित अधिकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई करने कहा गया है। कलेक्टर ने जिले में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को सामाजिक सहभागिता के साथ सफल बनाने कहा है। कलेक्टर ने कहा कि सभी शासकीय अधिकारी कर्मचारी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ निक्षय मित्र बनकर किसी एक टीबी से पीड़ित व्यक्ति के उपचार के लिए आगे आएं उन्होंने ने जिले में चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सभी निर्माण कार्यों का शीघ्र टेंडर कराया जाकर निर्माण कार्यों को तय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं।

# बोधी राम निषाद बने राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री

**बेमेतरा।** जिले के लिए गर्व और सम्मान का विषय है कि आर.के. श्रीवास्तव राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ द्वारा घोषित नवीन प्रदेश कार्यकारिणी में जिले के वरिष्ठ कर्मचारी नेता बोधी राम निषाद को प्रदेश महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति से जिले के कर्मचारियों में हर्ष और उत्साह का माहौल व्याप्त है।

संगठन द्वारा जारी सूची के अनुसार अश्वनी चेलक को प्रदेश अध्यक्ष, बोधी राम निषाद को प्रदेश महामंत्री, लता दीक्षित को प्रदेश संगठन मंत्री एवं डॉ. विनोद वर्मा को प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिले से बोधी राम निषाद का प्रदेश महामंत्री के पद पर चयन यह दर्शाता है कि संगठन ने उनके अनुभव, कार्यशैली और कर्मचारियों के प्रति समर्पण पर भरोसा जताया है। प्रदेश महामंत्री नियुक्त होने के बाद बोधी राम निषाद ने कहा कि यह दायित्व केवल पद नहीं, बल्कि प्रदेशभर के कर्मचारियों के हितों की रक्षा की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने



कहा कि जिले के कर्मचारियों की समस्याओं को अब प्रदेश स्तर पर और अधिक मजबूती से उठाया जाएगा, ताकि जमीनी मुद्दों का ठोस समाधान निकल सके। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा, जिसमें संभाग, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर सक्रिय और समर्पित कर्मचारियों को संगठन में स्थान दिया जाएगा। इससे संगठन की जड़ें मजबूत होंगी और कर्मचारियों की आवाज़ हर स्तर तक पहुंचेगी।

### संवाद के माध्यम से समाधान की दिशा में कार्य करेगा महासंघ

बोधी राम निषाद ने आगे कहा कि महासंघ निरंतर कर्मचारियों एवं अधिकारियों से जुड़े मुद्दों को सरकार के समक्ष रखेगा और सकारात्मक संवाद के माध्यम से समाधान की दिशा में कार्य करेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार की सराहना करते हुए कहा कि महंगाई भत्ते की घोषणा यह साबित करती है कि साय सरकार किसान, आम जनता के साथ-साथ राज्य कर्मचारियों के हितों के प्रति भी संवेदनशील और प्रतिबद्ध है। जिले के कर्मचारी संगठनों, सहकर्मियों एवं शुभचिंतकों ने बोधी राम निषाद को प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर बधाई दी और इसे जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। सभी ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में कर्मचारी हितों को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।

# नबीन के नेतृत्व से भाजपा को नई ऊर्जा युवाओं में बढ़ेगा जोशः राहुल टिकरिहा



**बेमेतरा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर श्री नितिन नबीन के सर्वसम्मति से निर्वाचित होने पर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने उन्हें यशस्वी कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं।

राहुल टिकरिहा ने कहा कि नबीन का नेतृत्व न केवल पार्टी कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा देगा, बल्कि भाजपा के आदर्शों को नई ऊँचाई तक ले जाएगा। राहुल टिकरिहा ने इस ऐतिहासिक अवसर पर कहा कि मजबूत संगठन, स्पष्ट नेतृत्व और राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष की निर्वाचन प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ की सहभागिता केवल औपचारिक नहीं थी, बल्कि यह संगठनात्मक एकता, अनुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति भाजपा की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि युवा और दूरदर्शी नेता श्री नबीन ने छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी और बाद में प्रभारी के रूप में पिछले विधानसभा चुनाव और निकाय-पंचायत चुनावों में पार्टी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सुनिश्चित किया। यह उपलब्धि पार्टी की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और संगठित कार्यशैली का ऐतिहासिक दस्तावेज है। राहुल टिकरिहा ने नबीन की ऊर्जावान और चमत्कारिक प्रतिभा को उजागर करते हुए कहा एक युवा नेता के रूप में उनका राष्ट्रीय अध्यक्ष पद संभालना पार्टी और देश के युवाओं के लिए अत्यंत लाभकारी होगा। आने वाला समय युवाओं का है, और नबीन का नेतृत्व इसे और सशक्त बनाएगा।"उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे नबीन के नेतृत्व में संगठन की मजबूती और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में पार्टी का हर कदम लोकतांत्रिक, संगठित और राष्ट्रहित के लिए निर्णायक साबित होगा।

# नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह, मनाया जश्न

**बेमेतरा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन के चयन पर बेमेतरा जिले में उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। विधायक दीपेश साहू के नेतृत्व में भारत माता चौक से सिग्नल चौक तक



रैली निकाली गई, जहाँ कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाते हुए हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने नितिन नबीन जैसे ऊर्जावान, समर्पित और जमीनी नेता को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर यह संदेश दिया है कि संगठन में परिश्रम, निष्ठा और क्षमता के आधार पर कोई भी कार्यकर्ता शीर्ष नेतृत्व तक पहुँच सकता है। यह निर्णय विशेषकर युवाओं में नए उत्साह और आत्मविश्वास का संचार करेगा। साहू ने कहा कि नितिन नबीन ने छत्तीसगढ़ प्रभारी के रूप में संगठन को मजबूत करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। उनके कुशल मार्गदर्शन, रणनीतिक सोच और सतत संगठनात्मक प्रयासों का ही परिणाम है कि आज छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सशक्त सरकार है। बिहार सरकार में मंत्री के रूप में भी उनका कार्यकाल सुशासन, विकास और जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें जिला अध्यक्ष अजय साहू, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, रायपुर जिला प्रभारी राजेंद्र शर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी, नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

# नीनवा में लगा सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविर

**बेमेतरा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेशानुसार तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के निर्देशन में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत ग्राम नीनवा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम करना रहा। शिविर के दौरान वाहन चालकों को मोटर व्हीकल अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी गई तथा यातायात नियमों के पालन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।



इसके साथ ही फर्स्ट पार्टी एवं थर्ड पार्टी इंश्योरेंस की आवश्यकता, उपयोगिता एवं इससे होने वाले लाभों के बारे में भी अवगत कराया गया। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहन चालकों को सड़क के बाईं ओर वाहन चलाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाने, 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन न देने, वैध ड्राइविंग लाइसेंस के साथ ही वाहन चलाने, चौक-चौराहों पर यातायात संकेतों का पालन करने तथा सड़क किनारे लगे संकेत बोर्डों के नियमों का अनुपालन करने के लिए प्रेरित किया गया। **यातायात नियमों का पालन करने की करी अपील:** कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने सड़क सुरक्षा को जीवन सुरक्षा से जोड़ते हुए आमजन से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व है कि वह स्वयं भी नियमों का पालन करे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे। शिविर में असिस्टेंट एलएडीसीएस के प्रतिरक्षा अधिवक्ता आयुष शुक्ला, देवेंद्र साहू, सुश्री गीता दास, पी. राजेश्वरी, दुर्गा साहू तथा एएसआई मोहन साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत साक्षरता की नई पहल

# बेमेतरा में 26 जनवरी को होगा उल्लास नव भारत साक्षरता मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु 26 जनवरी को आयोजित होने वाले नव साक्षर मेले की तैयारियां जिले में तेज कर दी गई हैं। जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे.के. घृतलहरे एवं जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिला नोडल अधिकारी खोमलाल साहू तथा मास्टर ट्रेनर भुवन लाल साहू द्वारा चारों विकासखंडों के संकुल समन्वयकों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकासखंड बेमेतरा से बीआरसी राजेंद्र कुमार साहू, साजा से बीआरसी खोमलाल साहू, बेरला से बीआरसी कमलेश निषाद तथा नवागढ़



विकासखंड के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान 26 जनवरी को आयोजित होने वाले उल्लास मेले की रूपरेखा, जिम्मेदारियों के वितरण एवं प्रशिक्षण संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर के निर्देशानुसार 26 जनवरी को जिले के सभी ग्रामों एवं नगरीय निकायों के वार्डों में उल्लास नव साक्षर मेला आयोजित किया जाएगा। मेले में 15 वर्ष से अधिक आयु के महिला-पुरुष, जो साक्षरता केंद्रों में अध्ययन कर रहे हैं, शामिल होंगे। साथ ही असाक्षरों को वालंटियर शिक्षकों के माध्यम से पढ़ने-लिखने हेतु पंजीकृत किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत 200 घंटे की शिक्षण प्रक्रिया पूरी कर नव साक्षरों को आगामी परीक्षाओं में सम्मिलित किया जाएगा। उन्हें मूलभूत साक्षरता एवं संख्याज्ञान के साथ-साथ वित्तीय, डिजिटल, कानूनी, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं निर्वाचन साक्षरता जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशलों की जानकारी दी जाएगी। मेले के दौरान विभिन्न स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां साक्षरता एवं संख्याज्ञान से संबंधित शैक्षणिक खेलों के माध्यम से प्रतिभागियों की क्षमता का आंकलन किया जाएगा। चिन्हित नव साक्षरों के लिए वालंटियर नियुक्त कर उन्हें मार्च में प्रस्तावित महापरीक्षा में सम्मिलित कराने की तैयारी की जाएगी। उल्लास नवभारत साक्षरता मेला प्रत्येक ग्राम एवं नगरीय निकाय में ध्वजारोहण स्थल पर आयोजित होगा।

### बेहतर आयोजन को लेकर दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु संभाग स्तरीय अधिकारियों द्वारा वेबिनार के माध्यम से जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों की बैठक भी आयोजित की गई। इस दौरान दुर्ग संभाग के संयुक्त संचालक आर.एल. ठाकुर ने मेले के प्रचार-प्रसार एवं बेहतर आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर बेमेतरा जिले के समस्त विद्यालयों एवं पंचायतों में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत यह भव्य मेला आयोजित किया जाएगा, जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

